मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर
MOHANLAL SUKHADIA UNIVERSITY : UDAIPUR

कमांक: / वीसीनोट / सामान्य / मोलासुविवि / 2020 / 6544

दिनांक : 18.08.2020

कार्यालय आदेश

कोविड–19 महामारी के बढ़ते संक्रमण के परिपेक्ष्य में व राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेशों के कम में विश्वविद्यालय प्रशासनिक कार्यालय में अन्य महाविद्यालयों / कार्यालयों के शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों का अकारण प्रवेश पूर्णतया निषेध किया जाता है। महाविद्यालयों / कार्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता है कि प्रशासनिक कार्यालय से संबंधित किसी भी कार्य अथवा समस्या के समाधान के लिये ई–मेल अथवा संबंधित अधिकारी से फोन पर सम्पर्क करें।

इसी कम में प्रशासनिक कार्यालय व समस्त संघटक महाविद्यालय में वरिष्ठ प्रशासनिक स्तर तक के सभी अधिकारी, मंत्रालायिक व चतुर्थ श्रेणी कार्मिक रोटेशन के आधार पर तुरन्त प्रभाव से कार्यालय में उपस्थित होगे एवं संबंधित अधिकारी तदनुसार कर्मचारियों की सूची बनाकर उनकों रोटेशन के आधार पर उपस्थित होने हेतु सूचित करेंगे।

सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के बिना कार्मिक मुख्यालय नहीं छोडेंगे तथा जिन कर्मचारियों को कार्यालय नही आना है वे अपना कार्य 'वर्क फॉम हॉम' से करेंगे और उन्हें किसी भी समय ड्यूटी पर बुलाया जा सकता है।

सभी कार्मिक कार्यालय समय में कार्यालय में ही उपस्थित रहेंगे तथा किसी भी परिस्थिति में अपने कार्यालय परिसर से बाहर अथवा अन्य परिसर में नहीं जाएंगे। इस अवधि में कोई भी विश्वविद्यालय / महाविद्यालय छात्र व्यक्तिगत अथवा समूह में किसी भी अधिकारी अथवा कर्मचारी से सीधे सम्पर्क नही कर सकेंगे। किसी भी छात्र या आगन्तुक से सार्वजनिक व्यवहार (Public dealing) नही किया जाएगा। विश्वविद्यालय से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी यदि आवश्यक हो तो विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलबध हेल्प लाईन नम्बर अथवा सम्बन्धित अधिकारियों के दूरभाष पर सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकेगी।

सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मास्क का अनिवार्य रूप से उपयोग करेंगे तथा भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार सोशियल डिस्टेन्सिग बनाये रखेंगे।

sd
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं पालनार्थ ।

1. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण / पी.जी. स्टडीज / छात्र कल्याण / वि.वि. विज्ञान महाविद्यालय विवि सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय / विवि वाणिज्य एवं प्रबन्ध अध्ययन महाविद्यालय / वि.वि. विधि महाविद्यालय, उदयपुर।
2. निदेशक, प्रबन्ध अध्ययन संकाय / कम्प्यूटर सेन्टर / मुख्य अधीक्षक, छात्रावास, उदयपुर ।
3. आफिसर इन्चार्ज, केन्द्रीय पुस्तकालय, उदयपुर।
4. सभी विभागाध्यक्ष–
5. वित्त नियंत्रक / परीक्षा नियंत्रक / उप–कुलसचिव, परीक्षा / वरिष्ठ लेखाधिकार।
6. सचिव, विश्वविद्यालय कीड़ा मण्डल / निदेशक, पी.आर.सी.।
7. प्रभारी अधिकारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट, मोलासुवि, उदयपुर
8. प्रभारी अधिकारी, मीडिया सेल, मोलासुवि, उदयपुर
9. वि.वि. अभियन्ता / विश्वविद्यालय अतिथि गृह, मोलासुवि, उदयपुर
10. सभी अनुभाग अधिकारी, प्रशासनिक कार्यालय, उदयपुर–
11. निदेशक इन्टरनेट सेन्टर, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर
12. निजी सचिव, कुलपति महोदय / अ0नि0स0, कुलसचिव / अ0नि0स0, वित नियंत्रक।
13. जमादार, सहायक कर्मचारी, प्रशासनिक कार्यालय, उदयपुर।
14. रक्षित पत्रावली।

उप कुलसचिव